कार्यालय उपनिदेशक निर्माण एंव संयंत्र (सामान्य खण्ड)
गो0ब0पन्त कृषि एंव प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर–263145 जिला–उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पत्रांक : उ.नि.सा / 146

दिनांक: 14.09.2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

इस विश्वविद्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो एंव राजकीय निर्माण एजेंसियों तथा उत्तराखण्ड शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत ठेकेदार / फर्म जो संबंधित कार्य हेतु अहर्ता रखते हों, से निम्न कार्य हेतु मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्य के निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 27.09.2023 को सांय 5.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। मुहरबन्द निविदा 29.09.2023 को अपरान्ह 03.00 बजे तक सुरक्षा अधिकारी कार्यालय में डाक द्वारा अथवा निविदा पेटिका में प्राप्त की जायेगी। निविदा दिनांक 29.09.2023 को ही अपराह्न 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निर्धारित दिनांक व समय के पश्चात प्राप्त निविदा एंव शर्तयुक्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। धरोहर राशि नकद जमा प्रपत्र अथवा बैंक सावधि प्रतिभूति के रूप में जो नियंत्रक, गो0ब0 पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर के नाम देय होगी। रू0 100 / –(रुपये एक सौ) मात्र के स्टाम्प पेपर पर रु0 1 / –(रुपये एक) मात्र का राजस्व टिकट चस्पा कर हस्ताक्षर करके निविदा के मुहरबन्द लिफाफे से अलग लिफाफे में मुहरबन्द कर देना होगा अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी । निविदा विश्वविद्यालय की शर्तों के अनुरुप न होने पर बिना कारण बताये विश्वविद्यालय को एक अथवा समस्त निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। निविदा की वैद्यता चार माह होगी। सरकारी संस्थायें निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि से मुक्त होगी। निविदादाता द्वारा विगत 5 वर्षों के दौरान किसी 01 वर्ष में प्राप्त भुगतान की राशि के बराबर धनराशि / लागत के कार्य हेतु निविदा दी जा सकती है। निविदादाता द्वारा विगत 05 वर्षों के दौरान किसी 01 वर्ष में दी जा रही निविदा की राशि के 50% तक के कार्य को पूर्ण करने का अनुभव होना आवश्यक है। कार्य अनुबन्ध से पूर्व फर्म / ठेकेदार को कार्य की अनुमानित लागत पर 5 प्रतिशत परफारमेंश सिक्योरिटी जमा करनी होगी। फर्म / ठेकेदार के देयक से 1 प्रतिशत लेवर (सेस) की कटौती भी की जायेगी।

क्र सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रू0	धरोहर राशि रू0	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य अवधि	श्रेणी
1	बास्केट बॉल कोर्ट में नया फर्श डालने का कार्य।	4.67 लाख	9340.00	200+18% GST	03 माह	अ.ब.स.द

14.9.2023
उपनिदेशक (सामान्य खण्ड)

प्रतिलिपि :

1. सभी पंजीकृत कार्यरत ठेकेदारों / फर्मो एंव विभिन्न सूचना पटों पर सभी ठेकेदारों को सूचनार्थ ।
2. निदेशक निर्माण एंव संयंत्र को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।
3. सहायक लेखाधिकारी ;सामान्य खण्ड।
4. नियंत्रक ।
5. उप निदेशक निर्माण एंव संयंत्र ;जल / निर्माण / विद्युत / बाहय परिसर ।
6. अध्यक्ष, भवन समिति, पन्तनगर ।
7. सुरक्षा अधिकारी ।
8. ईचार्ज यूनिवर्सिटी वेबसाईट।

उपनिदेशक (सामान्य खण्ड)